RAF SECTOR

NEWS CLIP

09/07/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Aaj News , Prayagraj (U.P)

आरएएफ के जवानों ने रोपित किये छह हजार पौधे

फाफामऊ शान्तिपुर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन एक जुलाई से किया जा रहा है। मंगलवार को अन्तिम दिन १०१ आरएएफ वाहिनी के कमाण्डेंट आरके निगम की अगुवाई में गौहरी गांव एवं थरवई में वृहत स्तर पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया।

पौधरोपण में वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं जवानों ने गौहरी एवं थरवई मेंबडे पैमाने पर विविध प्रकार के ६००० पौधों को रोपित किये।

कमाण्डेंट आरएएफ आरके निगम ने कार्मिकों, जवानों एवं ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अपने नजदीकी गांव क्षेत्र में भी परिवार के सभी सदस्यों को कम से कम १० पौधे रोपित करना चाहिए, क्योंकि वृक्षारोपण मानवीय संवेदनाओं को बढ़ाता है। तथा जीवन की जीवन रेखा आक्सीजन की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पुराण में कहा गया है कि एक जलकुंड दस कुए के समान है। एक तालाब दस जलकुंड के बराबर है। एक पुत्र का दस तालाब के बराबर महत्व है और एक वृक्ष का दस पुत्रों जितना महत्व है। पौधरोपण में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके सिंह, नरेन्द्र कुमार द्वितीय कमाण्डेट, दीपक तिवारी उप कमाण्डेंट सहित आरएएफ के सभी जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आरएफ के जवानों का २० हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य था।

Harbat , Lucknow (U.P)

अवधेश कुमार सिंह (उप कमांडेंट) के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया

हर बात संवाददाता

प्रयागराज। पुलिस महानिरीक्षक द्रुत कार्य बल के निर्देशानुसार , कमांडेंट सीमा टोलिया 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के मार्गदर्शन व अवधेश कुमार सिंह (उप कमांडेंट) डी/91 बटालियन प्रयागराज उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में 01/07/2020 से 07/07/2020 चल रहे वन महोत्सव के अंर्तगत 07/07/2020 को ग्रामसभा हाजीपुर व राजापुर के अंतगर्त कई स्थानों पर छायादार व फलदार वृक्षो का वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।इस मौके पर जवानों व ग्रमीणों को वृक्षारोपण के महत्व व उनसे होने वाले फायदों के बारे में बताया गया तथा उनको बढ़ -चढ़ इस मुहिम में शामिल होने का आह्वान किया गया। अवधेश कुमार सिंह के द्वारा यह भी बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के कारण सामान्य जनता के मन मे बल के प्रति सदभावना का विकास होता है ।

इस मौके पर सतेंद्र प्रजापति (सहायक कमांडेंट), श्याम वर्मा (सहायक कमांडेंट), न्यू शान्तिपुरम के विकास समिति के सदस्य डी. एस. यादव , संगठन अध्यक्ष उमेश सरोज, आनंद पांडेय व अन्य ग्रामवासी उपस्तिथ थे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।